Set - A

विषय हिन्दी | कक्षा : आठवीं

कुल अंक – 90 | समय : ३:०० घंटे

सामान्य निर्देश

1 प्रश्नपत्र के दो खंड हैं। खंड 'क' और खंड 'ख'।

2 प्रश्नसंख्या सावधानी पूर्वक लिखें।

3 कुल प्रश्न 11 हैं।

"खंड क" — Marks

प्र–1 क किन्हीं 'छः(6)' अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए: 3

१. कार्यकर्म २. अभीलाषा ३. वातावर्ण ४. समबन्ध ५. प्रसंशा
६. नमष्कार ७. मसतिष्क

ख किन्हीं 'तीन' वाक्यों को शुद्ध कीजिए: 3

1 दिल्ली से अनेक समाचार-पत्र प्रकाशित होता है।
2 पिता का पुत्र में विश्वास है।
3 मैंने अपनी पुस्तक मेरे भाई को दे दी।
4 वह पागल आदमी हो गया।

ग किन्हीं 'छः(6)' शब्दों के विलोम शब्द लिखिए: 3

१. निरर्थक २. विरह ३. सौभाग्य ४. पंडित ५. दुर्बल ६. कपूत ७. चेतन

घ किन्हीं 'तीन' शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए: 3

१. आदर २. रास्ता ३. मछली ४. पत्थर

प्र–2 क किन्हीं 'छः(६)' शब्दों की भाववाचक संज्ञा बनाइए: 3

१. धीर २. नीति ३. भला ४. पीसना ५. सफेद ६. चिल्लाना ७. उदार

ख किन्हीं 'तीन' शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए: 3

१. अक्षर २. गुण ३. मित्र ४. कनक

https://www.evidyarthi.in

	ग	**किन्हीं 'तीन' शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए:**	3
		१. महोत्सव २. रजनीश ३. नरेन्द्र ४. इत्यादि	
प्र–3	क	**किन्हीं 'तीन' शब्दों का समास विग्रह कीजिए:**	3
		१. देशभक्ति २. निडर ३. रेखांकित ४. जलधारा	
	ख	**किन्हीं तीन वाक्यों में से विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेद लिखिए:**	3
	1	दूध में थोड़ी चीनी डाल दीजिए।	
	2	श्वेताभ शरारती लड़का है।	
	3	इस बंदर ने फल तोड़ डाले।	
	4	कुछ लोग बाहर से आए हैं।	
	ग	**निम्नलिखित वाक्यों में सही विराम चिन्ह लगाइए:**	3
	1	नेताजी कहने लगे बहनो और भाइयो आपको मालूम है कि जब आप मुझे याद करते हैं तो मैं अवश्य आता हूँ	
	2	वाह तुमने तो बाज़ी मार ली	
प्र–4	क	**निम्न में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए:**	5
	1	कम्प्यूटर का उपयोग 2 गया समय हाथ नहीं आता	
	3	विद्यार्थी और अनुशासन	
	ख	**प्रधानाचार्य महोदय को अपने विद्यालय में खेलकूद की सामग्री की कमी की ओर ध्यान दिलाते हुए पत्र लिखिए -**	5
		अथवा	
		मित्र को परीक्षा में सफलता मिलने पर बधाई पत्र लिखिए।	

https://www.evidyarthi.in

प्र–5	**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:** साहस की ज़िंदगी सबसे बड़ी ज़िंदगी है। ऐसी ज़िंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ़ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धम बनाते हैं।	5
1	**उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए।**	
2	**अड़ोस-पड़ोस को देखकर चलना किसका काम है ?**	
3	**साहसी मनुष्य किस बात की चिन्ता नहीं करता ?**	
4	**क्रांति करने वाले क्या नहीं करते ?**	
5	**साहस की ज़िन्दगी की पहचान क्या है ?**	
	"खंड ख"	
प्र–6 क	**किन्हीं छः शब्दों के अर्थ लिखिए:** १. नाक रखना २. प्रहार ३. विलक्षण ४. नियंत्रण ५. दंभ ६. दावानल ७. विरल	3
ख	**किन्हीं तीन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो:** १. अजनबी २. विषाद ३. संस्कार ४. तबादला	3
प्र–7	**'प्रियतम' अथवा 'नदी का रास्ता' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।**	5
प्र–8	**निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए।**	3x4=12
1	चिकित्सा-क्षेत्र की हानि विज्ञान का लाभ कैसे बन गई ?	
2	मित्र का चुनाव करते समय हमें किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?	
3	समाज में नाक रखने के लिए लोगों को क्या-क्या करना पड़ जाता है ?	
4	'शांति' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए ।	

https://www.evidyarthi.in

प्र–9	**निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**	3x3=9
1	प्रेमचंद के मन में किस तरह की 'बेचैनी' बनी रहती थी और क्यों ?	
2	संन्यासी की पलभर की प्रसन्नता विषाद में क्यों बदल गई ?	
3	चिड़ियों की असहाय स्थिति को देखकर लेखक ने अंततः क्या निश्चय कर डाला ?	
4	लेखक ने नाक को शरीर का सबसे महत्त्वपूर्ण अंग क्यों माना है ?	
प्र–10	**निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**	4x2=8
1	मनुष्य को स्वार्थी क्यों बताया गया है ?	
2	आजकल कैसे लोगों के साथ सरलता से जान-पहचान हो जाती है ?	
3	प्रेमचंद का शिवरानी देवी से विवाह करना साहस और आत्मबल का काम क्यों था ?	
4	धन-दौलत को जल के समान क्यों बताया गया है ?	
5	फूलों को 'जलते दीप' और 'लौ-भरे सीप' क्यों कहा गया है ?	
प्र–11	**निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए:**	5x1=5
1	किन दो महीनों में चिड़िया के गृह-प्रवेश का मौसम शुरू हो जाता है ?	
2	'ईश्वर सब द्वार एक साथ बंद नहीं करता। यदि एक द्वार बंद करता भी है तो दूसरा द्वार खोल भी देता है।' 'अपराजिता' पाठ में ये शब्द किसने कहे थे ?	
3	'फूटा प्रभात' कविता के कवि कौन हैं ?	
4	सच्ची मित्रता में किसके जैसी निपुणता और परख होती है ?	
5	आदमी के शव के साथ-साथ और किनके शव देखकर संन्यासी के रोंगटे खड़े हो गए ?	
6	किस बालविधवा से शादी करके प्रेमचंद ने समाज के सामने भारी साहस और आत्मबल का परिचय दिया ?	

evidyarthi
https://www.evidyarthi.in